# संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)

**पुजारी पार्क, पुलिस लाईन कैम्पस, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)**

**::विज्ञापन::**

क्र./रान्याविप्र/स्था/भर्ती/ M-4610 /2023 रायपुर, दिनांक– 29/09/2023

छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग के पत्र क्रमांक एफ 3–68/दो–गृह/FSL/2019 अटल नगर, दिनांक 25.09.2023 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर के स्वीकृत सीधी भर्ती के निम्नांकित रिक्त पदों को नियमानुसार भरने की अनुमति प्रदान की गई।

अतः शासन के निर्देशानुसार संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु छत्तीसगढ़ न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2007 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 11.11.2022 के प्रावधान अनुसार तृतीय श्रेणी के पद, **प्रयोगशाला तकनीशियन के 08 पद तथा प्रयोगशाला सहायक के 08 पद कुल 16 रिक्त पदों पर** सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in/ पर आमंत्रित किये जाते है।

**(1) रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान (7वां वेतनमान अनुसार) :–**

1. प्रयोगशाला तकनीशियन – 08 पद (बेसिक 28700/–वेतन मैट्रिक्स लेवल–7)
2. प्रयोगशाला सहायक – 08 पद (बेसिक 22400/–वेतन मैट्रिक्स लेवल–5)

**(2) रिक्त पदों में आरक्षण :–**

**1. प्रयोगशाला तकनीशियन**

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | |
| 1 | अनारक्षित | 03 | 01 | – | – | 03 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 02 | – | – | – | 02 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 02 | – | – | – | 02 |
| 4 | अपिव (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 01 | – | – | – | 01 |
| | | | | | योग– | 08 |

**2. प्रयोगशाला सहायक**

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | |
| 1 | अनारक्षित | 04 | 01 | – | – | 04 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 01 | – | – | – | 01 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 02 | – | – | – | 02 |
| 4 | अपिव (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 01 | – | – | – | 01 |
| | | | | | योग– | 08 |
| | | | | | कुल योग– | 16 |

**(3) अनिवार्य अर्हताएं :–**

**(अ) प्रयोगशाला तकनीशियन हेतु अनिवार्य अर्हताएं:–**

विज्ञान विषय में स्नातक उपाधि (भौतिकी/रसायन/वनस्पति/प्राणीविज्ञान/फोरेंसिक साईस/बायोटेक्नोलॉजी/सूक्ष्मजीव विज्ञान में से किसी एक विषय सहित बी.एस.सी. उपाधि)

वांछनीय :– विज्ञान प्रयोगशाला में 02 वर्ष कार्य करने का अनुभव।

**(ब) प्रयोगशाला सहायक हेतु अनिवार्य अर्हताएं:–**



Scanned by Easy Scanner

(ब) प्रयोगशाला सहायक हेतु अनिवार्य अर्हताएं:-

विज्ञान विषय सहित उच्चतर माध्यमिक परीक्षा अथवा विज्ञान विषय सहित 10+2 शिक्षा प्रणाली उत्तीर्ण होना चाहिए।

वांछनीय :- विज्ञान प्रयोगशाला मे 02 वर्ष कार्य करने का अनुभव।

(4) आयु सीमा:-

अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के मूल/स्थानीय निवासियो को कैलेण्डर वर्ष 2023 में निर्धारित अधिकतम आयु-सीमा 35 वर्ष में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी अर्थात 40 वर्ष आयु-सीमा की छूट होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओं, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिको को **शासन के प्रचलित निर्देशों** के अनुसार आयु-सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूट को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु-सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।

**उच्चतर आयु सीमा के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये निर्देश भी लागू होगें।**

(5) नियम एवं शर्तें:-

1. उक्त पदों पर चयन हेतु एक लिखित परीक्षा छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित की जावेगी। परीक्षा उपरांत प्राप्तांक की सूची जारी की जावेगी।
2. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबध में अतिम निर्णय लेने का अधिकार सचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के पास सुरक्षित रहेगा।
3. चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति के समय समस्त प्रमाण पत्र की मूलप्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. यदि किसी भी आरक्षित अथवा अनारक्षित वर्ग में महिलाओं के लिए उपरोक्तानुसार आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन न होने से रिक्त रह जाते हैं तो ऐसे रिक्त पद अग्रणित (Carry Forward) नहीं किए जाएंगे, वरन् उस प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे, जिस प्रवर्ग के लिए आरक्षित है।
5. दिव्यांग और भूतपूर्व सैनिक के पद के विरूद्ध सामान्य, अनूसचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर) में से जिस श्रेणी का आवेदक होगा उसे होरिजेण्टल आरक्षण के कारण उस श्रेणी के अंतर्गत माना जायेगा।
6. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।
7. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति छ.ग.शासन वित्त निर्देश 33/2023 दि. 12.09.2023 के निर्देशानुसार 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।
8. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति मे अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थियों की उम्र अधिक होगी उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी।
9. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं एवं शर्तो को पूरा करते हैं, अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले।
10. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओ में कार्यरत् कर्मचारियों को चयन की स्थिति मे नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र मूलरूप से प्रस्तुत करना होगा।

(6) महत्वपूर्ण टीप :-

1. विज्ञापित पदों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है, जिसके लिए कोई दावा मान्य नही होगा।



Scanned with CamScanner

2. भर्ती की कार्यवाही एवं प्रक्रिया प्रशासकीय कारणों से कभी भी सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा सकेगा। इसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
3. लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा शहर/केन्द्र तक जाना होगा, इसके लिए-यात्रा व्यय नहीं दिया जाएगा।
4. विस्तृत विज्ञापन, परीक्षा पाठ्यक्रम, परीक्षा तिथि, परीक्षा संचालन, ऑनलाईन आवेदन तथा अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in/ एवं विभाग की बेबसाइट www.fslcg.nic.in पर देखा जा सकता है।
5. उपरोक्त रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ एवं चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल. पी.(सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।
6. विज्ञापित पद हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी प्रकार के मैनुअल अथवा पंजीकृत डाक एवं स्पीडपोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन मान्य नहीं किये जावेगें।

**(7) परीक्षा निर्देश–**

व्यापम द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापम की वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाईन आवेदन का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान स्केन करने एवं पोस्ट करने की ऑनलाईन विधि, अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाइन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा जानकारियां दी गई है।

29/9/2023
संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग.)

पृष्ठा.क्र/रा.न्या.वि.प्र./स्था./भर्ती/ 11-4610-A /2023 दिनांक– 29/09/2023
प्रतिलिपिः–
1. संचालक, जनसम्पर्क विभाग, को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु कृपया सूचनार्थ।
2. नियंत्रक, छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

29/9/2023
संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग.)



Scanned by Easy Scanner